

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 83 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 21 जुलाई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर भाजपा भयभीत

सिवनी यशोः- आगामी समय में संपन्न होने वाले विधानसभा चुनाव भाजपा और कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। पूरे प्रदेश में बहुत ही कम ऐसे विधानसभा क्षेत्र होंगे जहाँ किसी राजनैतिक दल को अपनी स्पष्ट जीत दिख रही होगी आगामी चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों की नींद उड़ी हुई है । प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के प्रदेश में लगातार प्रवास हो रहे है । दोनों ही पार्टियों के स्टार प्रचारकों ने मोर्चा संभाल लिया है और चुनावी कसावट बढ़ने लगी है । राज्य इकाइयों के साथ-साथ केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य में अपना दखल बढ़ा दिया है। चुनाव में किन मुद्दों पर जोर दिया जाए, किन नेताओं को जि मेदारी व जवाबदेही सौंपी जाए, साथ ही किस रणनीति पर आगे बढ़ा जाए, यह तय करने का सारा दारोमदार केंद्रीय नेतृत्व पर है। भाजपा के केन्द्रीय नेता अमित शाह प्रदेश के चुनाव में पूरा ध्यान केन्द्रीत करने वाले है तो कांग्रेस की ओर से कांग्रेस की राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती प्रिंयका गांधी मध्यप्रदेश की जीत को सुनिश्चित करने के लिये पूरी क्षमता के साथ संकल्पित होकर आगे बढ़ रही है ।

**सरकारी खजाना लुटाने के बाद भी असंतोष कम नहीं**

भाजपा की सत्तारूढ़ शिवराजा सरकार लगातार सरकारी खजाने से वोटरों को खुश करने के लिये एड़ी चोटी का जोर लगा रही है परंतु जनता में पनप रहा असंतोष कम होने का नाम नहीं ले रहा है । सरकार के मुखिया होने के नाते शिवराज सिंह चौहान हजारों करोड़ रूपये की रोज घोषणाएँ भी कर रहे है और विकास की गंगा बहाने का संदेश देकर आम जनता को खुश कर रहे है । किसान, मजदूर, व्यापारी, अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएँ, युवाओं, छात्रों के साथ ही जाति संगठनों को प्रसन्न करने की सौ प्रतिशत कोशिश कर रहे है परंतु विधानसभा चुनाव में जीत के आ रहे सर्वे भाजपा को भयभीत किये हुये है ।




**बूथ स्तर तक समितियाँ गठितः पर कार्यकर्त्ता नाराज**

वहीं भाजपा संगठन भी बूथ स्तर पर एक एक पन्ना समिति तक गठन करने की कसरत कर चुका है बूथ स्तर का हर मतदाता भाजपा संगठन के संपर्क में है । सोशल मीडिया के माध्यम से बूथ के मतदाताओं को जोड़ गया है और इन बूथ के कार्यकर्त्ताओं की पूरी जानकारी प्रदेश भाजपा कार्यालय के पास उपलब्ध हर दिन इन्हें भाजपा कार्यालय से बूथ स्तर पर करने लायक काम दिये जाते है । भाजपा ने जमीनी स्तर पर बहुत अधिक मेहनत की है हर दिन भाजपा के कार्यक्रमों के माध्यम से बूथ मजबूती का मंत्र दिया जा रहा है । उसके बाद भी भाजपा जीत के प्रति शंकित है ।

**कांग्रेसी कचरा पाकर गौरांवित भाजपा से वरिष्ठ कार्यकर्त्ता नाराज**

जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहे है सत्तरूढ़ भाजपा की घबराहट बढ़ती जा रही है । इस घबराहट का मु य कारण है भाजपा के कार्यकर्त्ताओं का असंतोष । भाजपा के कार्यकर्त्ताओं के बीच पनप रहा असंतोष भाजपा नेतृत्व के सामने हमेशा छलकते रहा है परंतु भाजपा नेतृत्व और जनप्रतिनिधियों ने उनकी बातो को हमेशा नजरांदाज किया है परंतु उन असंतुष्ट कार्यकर्त्ताओं ने काम करना बंद नहीं किया । भाजपा नेतृत्व और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली से भाजपा की नई पीढ़ी तो दुखी है ही सबसे अधिक दुखी भाजपा के पुराने वरिष्ठ और आम जनता के बीच पैठ रखने वाले कार्यकर्त्ता भी अपने आप को अपमानित महसूस कर कराह रहे है। भाजपा अपनी जीत के प्रति आशांवित नहीं है और उसके पीछे बहुत बड़ी वजह यह भी है कि भाजपा के पुराने कार्यकर्त्ता भाजपा में आ रही नैतिक गिरावट से बहुत गुस्साएँ हुये है और वे भाजपा के नवीनीकरण जिसे वे कांगेसी कचरा को सिर पर गौराविंत भाजपा कहते है से बहुत दुखी है ।

**बूढ़े नेतृत्व के मार्गदर्शन में कांग्रेस लड़ेगी चुनाव**

वहीं कांग्रेस पार्टी बूढ़े नेताओ के नेतृत्व में चुनावी समर में उतरने वाली है हालांकि इस बार कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक ढाँचे को मजबूत किया है जिला इकाईयों से लेकर से टर, मंडलम और युथ के बीच अपनी पैठ बनायी है । कांग्रेस की पाँच ग्यारंटी वाली घोषणाओं का जनता के बीच व्यापक असर है परंतु कांग्रेस पार्टी के पास युवा नेतृत्व का आभाव कांग्रेस को कमजोर कर सकता है । कांग्रेस मुद्दो से भटक जाती है और जिस प्रभावी तरीके से कांग्रेस की बात आम जनता तक जाना चाहिए उसमें कांग्रेस कमजोर रहती है । कांग्रेस के पास युवा नेताओं की कमी नहीं है परंतु उन्हें हमेंशा अवसर नहीं दिया जाना कांग्रेस की कमजोरी साबित हो रही है । कांग्रेस अपनी बात कहने से अधिक भाजपा की अनावश्यक बुराई करने पर ध्यान देकर अपनी बात भी जनता तक नहीं पहुँच पा रही है ।

**भाजपा को भी दिग्विजय सिंह पर भारोसा**

हालांकि कांग्रेस पार्टी इस बार पूरी ताकत झौंककर प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने की रणनीति बना रही है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मु यमंत्री दिग्विजयसिंह जैस मंजे हुये राजनैतिक व्यक्तित्व के नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव में जा रही है परंतु दिग्विजय सिंह जिस तरह से मुद्दो से कांग्रेस को भटका देते है उससे कांग्रेस की चुनावी दिशा ही बदल जाने का अधिक खतरा रहता है । भाजपा के अनेक नेता इस बात पर विश्वास करते है कि पूर्व मु यमंत्री दिग्विजय सिंह कांग्रेस के प्रभावी मुद्दों को चुनावी समय में भटकाकर भाजपा की जीत में सहायक बनकर सामने आते है । भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, मंहगाई, आदि ऐसे मुद्दे है जो अब बहुत अधिक मायने नहीं रखते अब मु त में बाँटने वाली लोक लुभावनी योजनाएँ, भावनात्मक रूप से मतदाताओं को प्रभावित करना, धार्मिक आधार आदि ऐसी बाते है जो चुनाव जीतने के लिये आवश्यक हो गयी है और कांग्रेस यहाँ कमजोर हो जाती है । हालांकि कांग्रेस का सोशल मीडिया प्लेटफार्म भाजपा से अधिक मजबूत है जिसका कांग्रेस को लाभ मिलना सुनिश्चित है । वहीं कांग्रेस को भाजपा की अंदरूनी कलह का व्यापक लाभ हो सकता है । कांग्रेस 2018 के चुनाव में संगठन कमजोर होने के बाद भी सत्ता में काबिज हो गयी थी परंतु इस बार कांग्रेस ने लगातार पाँच वर्ष तक आम जनता के बीच में काम किया है और ग्राम निकाय तथा नगरीय निकाय चुनावों अच्छी सफलता भी प्राप्त की है और यही सफलता भाजपा की घबराहट का कारण भी है कांग्रेस ने यदि बेहतर प्रबंधन और उ मीदवारों का अच्छा चयन किया तो कांग्रेस को सत्ता का जैकपाट मिल सकता है ।

## जिले के विकास और ऐतिहासिक महत्व के लिये मु यमंत्री की चिंता के लिये पर भाजपा नेता अशोक तेकाम ने माना आभार



सिवनी यशोः- प्रदेश के यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जिले के आदिवासी राजा दलपत शाह की दलसागर तालाब में प्रतिमा स्थापना और सौंदर्यीकरण के लिये बड़ी धनराशि प्रदान करने के साथ जिले के विकास के लिये जनहितैषी घोषणाएं कर जिले की जो चिंता की है उससे प्रमाणित होता है कि भाजपा की सरकार आमजनता को विकास की मु यधारा से जोड़ने के लिये बेहद गंभीरता से प्रयास कर रही है और हर वर्ग के स मान के लिये शिवराज सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाए है । सिवनी जिले में प्रवास के दौरान की गयी घोषणाओं के लिये पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक तेकाम ने आभार व्यक्त किया है ।

भाजपा नेता अशोक तेकाम ने मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जिले के विकास के लिये की गयी घोषणाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि माननीय मु यमंत्री जी ने जिला मु यालय के दलसागर तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ इसके ऐतिहासिक महत्व को जीवंत रखने के लिये आदिवासी समाज के गौरव राजा दलपत शाह की आदमकद प्रतिमा स्थापना के लिये जो निर्णय लिया उससे संपूर्ण आदिवासी समाज आज गौरांवित महसूस कर रहा है । श्री तेकाम ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि प्रदेश के मु यमंत्री जी ने आदिवासी विकासखंड धनौरा में नवीन महाविद्यालय खोलने कुरई महाविद्यालय के भवन निर्माण सिवनी नगर पालिका परिषद को नगर निगम बनाने,कांचना मंडी जलाशय की नहरों के विस्तारीकरण करने आदि की महत्वकांक्षी घोषणाएँ कर जिले के विकास को गति देने की जो साह्दयता दिखाई है उसके प्रति भाजपा नेता ने श्री तेकाम ने आभार व्यक्त किया है ।

## मु यमंत्री द्वारा जिले के विकास को गति देने की गयी अनेक घोषणाएँ

### जिला भाजपा ने मु यमंत्री का माना आभार और कहा मु यमंत्री की घोषणाओं से होगा जिले का समग्र विकास

सिवनी यशोः- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जिले के समग्र विकास के लिए उठाए गए कदम व घोषणाएं इस जिले को विकास की मु यधारा में जोड़ने में सफल होंगी। भाजपा सरकार की इस पहल से जन सुविधाओं के साथ ही व्यवसाय एवं रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। जिस तरह मु यमंत्री जी ने जिले के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रमाणित किया है उसके लिए जिला भाजपा उनका कोटिशः आभार व्यक्त करती है।

उक्त आशय की बात भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा कही गई, उन्होंने कहा कि गत दिवस अपने एक दिवसीय प्रवास पर सिवनी आए मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नगर में जगह-जगह आत्मीय स्वागत हुआ वह जनता का मु यमंत्री के प्रति स्नेह और विश्वास का जीवंत प्रमाण है। मु यमंत्री के आगमन के पूर्व जिला भाजपा द्वारा प्रमुख रूप से जो 8 मांगे रखी गई थी उनमें से सात मांगों को पूरा करने की मु यमंत्री जी द्वारा घोषणा भी कर दी गई है जबकि कृषि महाविद्यालय भी खोले जाने का आश्वासन दिया गया है। इस हेतु हम सभी भाजपा कार्यकर्ता मु यमंत्री जी के आभारी हैं।

श्री दुबे ने बताया कि मु यमंत्री जी द्वारा सिवनी नगर पालिका को नगर निगम बनाए जाने की घोषणा से नगर में जन सुविधाओं का व्यापक विस्तार होगा एवं नगरीय विकास के लिए अधिक राशि भी नगर निगम के माध्यम से उपलब्ध होगी। इसी तरह कुरई में महाविद्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति से क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा जबकि, धनोरा में महाविद्यालय खुलने से स्थानीय छात्रों को अध्ययन हेतु केवलारी या लखनादौन नहीं जाना पड़ेगा तथा दूरी अधिक होने के चलते जो छात्र शिक्षा से वंचित रह जाते थे उन्हें भी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

श्री दुबे ने बताया कि, बरघाट विधानसभा क्षेत्र में आने वाले कंचना मंडी जलाशय की नेहरों के विस्तारीकरण की मांग क्षेत्रीय कृषकों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी अब मु यमंत्री जी द्वारा इस हेतु सर्वे की स्वीकृति दे दी गई है जो क्षेत्रीय कृषकों के लिए एक बड़ी राहत की बात है।

श्री दुबे ने बताया कि, मु यमंत्री जी द्वारा mr1 रोड की भी स्वीकृति दे दी गई है जो छिंदवाड़ा रोड से




होते हुए पावर ग्रिड तक पहुंचेगी इससे नगर में यातायात का दबाव तो कम होगा ही बल्कि इस रोड के निर्माण से यहां व्यवसाय व रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इसी तरह बी एस एन एल आफिस से सोमवारी चौक पीजी कॉलेज के सामने से मुंगवानी रोड तक के वर्तमान मार्ग का चौड़ीकरण कर उसे फोर लाइन मार्ग में परिवर्तित किया जाएगा जिससे आम जनों को यातायात की सुविधा मिलेगी साथ ही कचहरी चौक से गणेश चौक, एमपीईबी ऑफिस के सामने से होते हुए डूंडा सिवनी तक डिवाइडर युक्त टू वे मार्ग बनने से भी नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

भाजपा मीडिया श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि मु यमंत्री जी द्वारा माझी समाज की मांग पर निषाद राज भवन बनाने की घोषणा की गई है। इस भवन की मांग पिछले कुछ समय से माझी समाज द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे के माध्यम से मु यमंत्री जी के समक्ष की जा रही थी जिस पर भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा मु यमंत्री जी से इस हेतु अनुरोध भी किया गया था इस मांग को पूरा करते हुए मु यमंत्री जी द्वारा के किदवई वार्ड स्थित माझी समाज के ढीमर देव में निषाद राज भवन के निर्माण की घोषणा की गई है जिस पर हर्ष व्यक्त करते हुए माझी समाज द्वारा मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे का आभार व्यक्त किया गया है।

मु यमंत्री जी द्वारा जिले के विकास के लिए 286 करोड़ 48 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का शुभारंभ एवं भाजपा की सभी मांगों को माने जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष सहित सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, सांसद डा. ढालसिंह बिसेन, केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, पूर्व सांसद एवं महाकौशल विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष नरेश दिवाकर, पूर्व सांसद एवं विधायक श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सुजीत जैन, प्रेम तिवारी, जिला महामंत्री अजय डागोरिया, जयदीप सिंह चौहान, गजानंद पंचेश्वर, श्रीमती मालती डेहरिया द्वारा मु यमंत्री जी का आभार वयक्त करते भाजपा के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के संयोजक तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया जाकर इस यात्रा के स्वागत मार्ग में मु यमंत्री का स्वागत करने वाले विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक एवं कर्मचारी संगठनों का भी आभार व्यक्त किया गया है।

## एन एस यु आई ने ए बी वी पी का पुतला दहन किया

सिवनी यशोः- जिला एन.एस.यु.आई. जिला अध्यक्ष धनंजयसिंह के नेतृत्व में ए बी वी पी (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) का पुतला दहन किया गया। जयनारायण व्यास विश्व विद्यालय जोधपुर राजस्थान में नाबालिक दलित बालिका के साथ गैंगरेप करने वाले एबीवीपी के तीन कार्यकर्ताओं द्वारा किये गये कुकृत्य किया गया जो कि भाजपा का एक अनुसांगिक संगठन है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के द्वारा नाबालिक बच्ची के साथ गैंगरेप करने वाले एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को तत्काल फांसी की सजा देने की मांग के साथ पुतला दहन किया गया। धनंजय सिंह ने बताया कि एबीवीपी अपने आपको छात्र हितैषी संगठन कहता है और उनके कार्यो को देखा जाए तो छात्राओं के साथ छात्र हितैषी कार्य करने की जगह गैंगरेप जैसी घिनौनी घटना को अंजाम दे रहें है। विद्यार्थी परिषद जैसे संगठन में छात्राओं का रहना खतरे से खाली नही है यह बात सभी छात्राओं को अच्छे से समझ लेना चाहिए। एन.एस.यु.आई, एबीवीपी को आगाह करती है कि इस तरह के कुकृत्य क्षमा योग्य नही है। इस तरह के अमानवीय कृत्य की पुनरावृत्ति होती है तो सिवनी जिला एन.एस.यु.आई. छात्राओं के हित में उग्र आंदोलन करेगी।

जबरन नॉलेज




## जिले में निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निर्यात ऑउटरीच कार्यशाला आयोजित हुई

सिवनी यशोः-महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बतया कि गुरूवार 20 जुलाई 23 को कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया की उपस्थिति में जिले में निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीजीएफटी नागपुर द्वारा जिला निर्यात हब पहल के तहत निर्यात ऑउटरीच कार्यशाला (E&port Outreach Program) का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष सिवनी आयोजित हुई। कार्यशाला में डीजीएफटी नागपुर के अधिकारी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी,



उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग, इडिण्यन चे बर ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस के उपाध्यक्ष एवं चे बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं सदस्य, डाक विभाग के अधिकारीगण, आयोजक बैंक - बैंक ऑफ महाराष्ट्र सिवनी एवं जबलपुर शाखा के प्रतिनिधि, जिले के कृषक उत्पादक संगठन (FPOS) के अध्यक्ष एवं सदस्य, राईस मिर्ल्स, एवं अन्य भावी निर्यातकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में डीजीएफटी द्वारा ऐ सपोर्टर कैसे बनें एवं IEC (IMPORT EXPORT CODE) कैसे प्राप्त किया जाता है तथा निर्यात से संबंधी प्रक्रिया, दस्तावेज, एवं E&port Promotion Capital Goods (EPCG) योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही इकाईयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी एमएसएमई योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में डाक विभाग की प्रस्तावित योजना के तहत डाक घर निर्यातक केन्द्र की स्थापना की जावेगी जिसमें निर्यातकों को निर्यात संबधी सुविधाएं उपलब्ध करायी जावेगी।

## रजवाडा लान में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज

सिवनी यशोः- नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति के माध्यम से देवाजी नेत्रालय जबलपुर के अनुभवी चिकित्सको द्वारा रजवाड़ा लॉन में नेत्र रोगियों का परीक्षण तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज किया जा रहा है !

उल्लेखनीय है कि रजवाड़ा लॉन में ही बीते 07 वर्षो से इस निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमे अनेको मरीजो का सफल मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये जा चुके है, सभी नागरिकों से निवेदन है कि अपने परिजनों, अपने आस-पास के नेत्र रोग से पीड़ित रोगी को आज शुक्रवार 21 जुलाई को इस शिविर में जरूर लाये, और इस शिविर की जानकारी अन्य लोगो को दीजिये जिससे ज्यादा से ज्यादा नेत्र रोगियों को लाभ मिल सके।

आयोजन समिति के मनीष अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि रजवाड़ा में आयोजित 21 जुलाई बुधवार को विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर में मरीज सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे बजे तक अनुभवी चिकित्सको की टीम से अपने नेत्र परीक्षण करवा सकते है और फिर जिस मरीज को मोतियाबिंद के उपचार की आवश्यकता होगी उन्हें विशेष वाहन द्वारा जबलपुर ले जाया जावेगा तथा उपचार के उपरांत पुनः मरीज को सिवनी लाकर छोड़ा जावेगा।

## आधार सेंटर के लिए नवीन निर्देश जारी

भोपाल। यूआईडीएआई दिल्ली तथा एमपीएसईडीसी भोपाल की गाइडलाइन के अनुसार आधार पंजीयन केन्द्र का संचालन किसी शासकीय परिसर के अतिरिक्त अन्य स्थान पर नहीं किया जा सकता है। जिन आधार सुपरवाइजर द्वारा ऐसा किया जाता है वह पूर्णतः अवैध है। साथ ही यदि बाजार की किसी भी दुकान में आधार बनाये अथवा सुधारे जाने संबंधी बोर्ड लगाया जाता है तो वह भी अवैध है। इससे आम नागरिक में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है और अन्य आधार पंजीयन सुपरवाइजर जो निर्धारित स्थान पर पंजीयन का कार्य कर रहे हैं प्रभावित होते हैं।

**आधार पंजीयन एवं बायोमैट्रिक अपडेट फीस लिस्ट**

आधार से संबंधित शुल्क भी शासन द्वारा निर्धारित किए गए हैं। आधार का पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क है। इसके पश्चात बायोमेट्रिक अपडेट फोटो, उंगली के निशान,आंख की रेटिना आदि के डेमोग्राफिक अपडेट मोबाइल नंबर, पता आदि सहित 100 रुपये शुल्क निर्धारित है। केवल डेमोग्राफिक अपडेट के लिए 50 रुपये तथा ई-आधार कार्ड के कलर प्रिंट आउट के लिए 30 रुपये का शुल्क निर्धारित है। यदि कोई व्यक्ति अधिक शुल्क लेता है, तो वह अवैध है। आधार केन्द्रों पर शुल्क की जानकारी का बैनर लगा होना, रजिस्टर पंजी संधारित होना, जिसमें हितग्राहियों की डिटेल जानकारी शुल्क का विवरण भी दर्ज होना आवश्यक है। आधार हेल्पलाइन नं. 1947 पर रसीद में दी गयी जानकारी अनुसार शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

**आधार सेवा केंद्र की शिकायत कहां करें**

आवेदक या पीड़ित व्यक्ति यूआईडीएआई दिल्ली के मेल आईडी help@uidai.giv.in पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही संबंधित उपखण्ड (राजस्व) अधिकारी के कार्यालय में जाकर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले में आधार के संबंध में जिला ई-गवर्नेन्स प्रबंधक के मेल आईडी degssidhi@gmail.com पर भी लिखित में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## चुनाव से पहले 673 पुलिस निरीक्षक के ट्रांसफर

भोपाल। मध्य प्रदेश में चुनाव से पहले बड़ी सं या में पुलिस निरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षकों के ट्रांसफर हुए है। इस संबंध में बुधवार को महानिदेशक पुलिस मु यालय भोपाल ने आदेश जारी किए। पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश पुलिस मु यालय की तरफ से जारी आदेश में 673 पुलिस निरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षकों के आदेश जारी किए गए है। आदेश में कार्यालयों को अधिकारियों को समय में कार्यमुक्त करने को कहा गया है। साथ ही लिखा है कि यदि अधिकारी निलंबन में हो तो उन्हें कार्यमुक्त न करते हुए इस कार्यालय को अवगत कराया जाए।

तीन साल का कार्यकाल पूरा करने वाले राजधानी के 44 निरीक्षकों के तबादले भोपाल शहर से बाहर कर दिया गया है। भोपाल से बाहर भेजे गए निरीक्षकों में दो दर्जन से अधिक थाने की कमान संभाल रहे हैं, जिसमें कई चर्चित नाम हैं। एमपी नगर टीआई सुधीर अरजरिया भोपाल में उप निरीक्षक से पदस्थ हैं। 2018 के चुनाव में भी उन्हें भोपाल से हटाकर इंदौर भेजा गया था। टीटी नगर टीआई चैन सिंह रघुवंशी भोपाल केंद्रीय जेल से भागे सिमी आतंकियों का एनकाउंटर करने वाले टीम में शामिल थे। बागसेवनिया टीआई संजीव चौकसे अशोक खांबरा गिरोह का खुलासा किया था।

# 17 से 21 जुलाई 1857 : अंग्रेजों द्वारा कानपुर में भीषण नरसंहार

## गाँव के गाँव जलाये : हजारों लोगों को मौत के घाट उतारा

**रमेश शर्मा-**

जलियाँवाला बाग में हुये सामूहिक नरसंहार को सब जानते हैं। पर अंग्रेजों ने इससे पहले और इससे भीषण नरसंहार भी किये हैं । इनमें एक भीषण नरसंहार जुलाई 1857 को कानपुर में हुआ। इसमें लगभग बीस हजार से अधिक निर्दोष नागरिकों को मौत के घाट उतारा गया था । छै हजार का आंकड़ा तो अकेले कानपुर नगर का है।

इस नरसंहार के नायक जनरल नील और जनरल हैवलॉक नामक दो सैन्य अधिकारी थे। 1857 की क्रांति में कानपुर और बिठूर में केवल पांच दिनों तक चला यह भीषण नरसंहार अकेला नहीं है। इस क्रान्ति के दमन केलिये लगभग हर स्थान पर भीषण नरसंहार हुये। इनमें अधिकांश के वर्णन तो जिला गजेटियरों में है । लेकिन कानपुर का यह नरसंहार कितना भीषण होगा। इस बात का अनुमान केवल इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि अंग्रेजों ने इस क्रांति के दमन केलिये लगभग हर स्थान पर एक-एक जनरल ही तैनात किये थे। जनरल ह्यूरोज की कमान में जो सेना थी उसने मध्यप्रदेश के महू से अपना अभियान आरंभ किया और इंदौर, सीहोर, गढ़ी, राहतगढ़, सागर, आदि स्थानों के बाद झाँसी कालपी और ग्वालियर में अभियान चलाया। जबकि अकेले कानपुर और बिठूर के लिए दो जनरल भेजे गये। वे भी ऐसे जो अपनी रूरता के लिये कु यात रहे।

इसका कारण यह था कि 1857 में क्रांति का उद्घोष भले सिपाही मंगल पाण्डेय ने बंगाल इन्फेन्ट्री से किया हो पर इसका मु य केंद्र कानपुर और मेरठ थे। इन स्थानों पर मई में क्रान्ति का आरंभ हुआ था। कानपुर में क्रान्ति के नायक नाना साहब पेशवा और तात्या टोपे थे। इनके नेतृत्व में सेना ने विद्रोह कर दिया था और नाना साहब पेशवा ने कानपुर में सत्ता संभाल ली थी।



यहाँ कुछ अंग्रेज परिवार रहते थे। नाना साहब ने इन अंग्रेज परिवारों को सुरक्षित भेजने का प्रबंध किया था और इन्हें गंगा पार कराने केलिये सत्ती चौरा भेजा गया था । कुछ परिवार नावों में रवाना भी हो गये थे। किन्तु सत्ती चौरा में कुछ सैनिकों को गुस्सा आया और उन्होंने इन परिवारों पर हमला बोल दिया। इसमें कुछ अंग्रेज स्त्री पुरुष मारे गये।

यह घटना 26 जून 1857 की है और इतिहास के पन्नों पर ÷सत्ती चौरा कांड÷ के नाम से जानी जाती है। इसमें मरने वाले अंग्रेजो की सं या अलग-अलग बताई गई है। इस घटना से अंग्रेज बौखलाए। उन्होंने ` रूरतम अंग्रेज अधिकारियों की कमान में सेना कानपुर भेजी। जनरल हैवलॉक और जनरल नील के कमान में ये सेनाएँ 16 जुलाई 1857 को कानपुर पहुँचीं।

इन सैन्य दलों ने पूरे नगर को घेर लिया। ब्रिटिश अधिकारियों को पहले उ मीद थी कि ब्रिटिश परिवार सुरक्षित होंगे किन्तु जैसे ही उन्हे अंग्रेज परिवारों के मरने की जानकारी मिली। तो उनका गुस्सा साँतवे आसमान पर पहुँच गया। और भारतीय नागरिकों का कत्लेआम शुरू कर दिया। कोई कल्पना कर सकता है उस सशस्त्र सैनिक समूह की कार्यवाही का जिसके कार्यों की कोई अपील कोई दलील का प्रावधान ही न हो।

वह पूरी तरह निरंकुश हो और प्रतिशोध पर उतारू हो। इन सैनिकों द्वारा कानपुर और बिठूर में किये गये कुछ अत्याचारों का तो ऐसा वर्णन है जिसका उल्लेख करने में भी आत्मा कांपती है । लूटपाट, तोड़फोड़ और घरों को जलाना तो बहुत मामूली था । यह सेना नागरिकों के साथ जितने अत्याचार कर सकती थी वे सब किये गये।

जनरल नील ने आदेश दिया कि पकड़े गए सभी सिपाही विद्रोही माने जायें। उन्हे पकड़कर पहले बीबीघर परिसर ले जाया गया। सत्तीचौरा का बीबीघर वह स्थान था जहाँ कुछ अंग्रेज परिवारों की हत्या की गई थी। गुस्साए सैनिकों ने बंदी बनाये गये विद्रोही सैनिकों से उस फर्श को चाटने के लिए विवश किया गया, जहाँ अंग्रेज परिवारों का रक्त गिरा था। इसके बाद उन्हे गोली मारकर पेड़ों पर लटका दिया गया । जबकि कुछ को तोपों से बांध कर उड़ा दिया गया। उधर जनरल हैवलॉक ने कानपुर छावनी में उन 134 सैनिकों को भी गोली मार देने के आदेश दिये जो क्रान्ति से दूर होकर पुनः अंग्रेजों की सेवा करना चाहते थे। हैवलॉक और नील का कहना था कि इन्होंने ब्रिटिश परिवारों को बचाने का कार्य ` यों न किया। इसके बाद विद्रोह को संरक्षण देने और समर्थन देने वाले कस्बों की ओर सेना चली। इन कस्बों घेर कर आग लगा दी गई। गाँव के गाँव जलाये गये। जिस गाँव में आग लगाई जाती, उसे सेना पहले घेर लेती थी ताकि कोई जिन्दा बाहर निकल कर भाग न सके।

इन गाँवों में मरने वालों की सं या हर गाँव की अलग-अलग है किसी में एकसौबीस स्त्री पुरुष तो एक गाँव में दो हजार तक पहुँची। यह नरसंहार 17 जुलाई से आरंभ हुआ था । जो 21 जुलाई तक निरन्तर चला । इतिहास की विभिन्न पुस्तकों में उल्लेख है कि जीटी रोड के किनारे जितने भी गांव पड़े, उन सभी को हैवलॉक ने जला दिया था। राहगीरों को मार-मार कर पेड़ों पर लटकाया। कानपुर के वर्तमान के मेघदूत चौराहे पर फांसी का मंच बनाया गया था यहां मात्र तीन दिन में छह हजार स्त्री बच्चों की निर्ममता से हत्या की गई। कुछ इतिहासकार मानते हैं नृत्यांगना अजीजनबाई की टोली ने यहीं अंग्रेजों से लोहा लिया था। अजीजनबाई को भी हैवलॉक ने ही मारा था।

कानपुर में यह सब करके जनरल हैवलॉक बिठूर पहुँचा। उसकी कमान में मेजर स्टीवेन्सन की एक सैन्य टुकड़ी भी थी । जिसमें मद्रास यूसिलियर्स और पंजाब बलूच सैनिकों की सं या अधिक थी । यहाँ इस सेना का प्रतिरोध करने वाला कोई न मिला। उसने पेशवा नाना साहब के महल पर कब्जा कर लिया और जो व्यक्ति सामने पड़ा उसे मौत के घाट उतार दिया गया। ब्रिटिश सैनिकों ने पहले पेशवा के महल का सामान अपने अधिकार में लिया। जिसमें बंदूकें, हाथी और ऊंट और अन्य कीमती सामान था। और फिर महल में आग लगा दी। इसके बाद जैसा कत्लेआम कानपुर में किया था वैसा ही कत्लेआम बिठूर में किया।

हैवलॉक की रूरता की कार्रवाई की तत्कालीन अंग्रेज सरकार ने प्रशंसा की और हैवलॉक के नाम को अमर करने केलिये भारत के अंडमान निकोबार के एक द्वीप का नाम ÷हैवलॉक द्वीप÷ रखा । यह नाम स्वतंत्रता के पचहत्तर वर्षों तक यथावत रहा । इस नाम को पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बदलकर स्वराज द्वीप किया । हैवलॉक द्वारा कानपुर में किये गये अत्याचार के वर्णन इतिहास की पुस्तकों में भरे पड़े हैं। अंग्रेजों के कानपुर आपरेशन में हैवलॉक के साथ रहे कमांडर शेरर ने अपनी पुस्तक ÷हैवलॉ स मार्च ऑन कानपुर÷ में भी इस नरसंहार और अत्याचार का वर्णन किया है।

अंग्रेजों के ऐसे नरसंहार और अत्याचारों से इतिहास की पुस्तकों में तो हैं ही । हर जिले के गजेटियरों में भी हैं। पर आज की अधिकांश पीढ़ी इससे अनभिज्ञ है । यहाँ तक कि जिस हैवलॉक के अत्याचार से कानपुर का इतिहास भरा है उसी हैवलॉक के नाम पर बने द्वीप पर पिकनिक मनाकर गौरवान्वित हुआ करते थे। हाँ उस द्वीप का नाम बदलने से कुछ लोग चौंके और इतिहास के पन्ने पलटे । तब यह सच्चाई सामने आ सकी।

## वंदे भारत ट्रेन में पेशाब करने चढ़े युवक को लगी 6 हजार रुपये की चपत, चल पड़ी गाड़ी और पहुंच गया उज्जैन





भोपाल। सिंगरौली के बैढन क्षेत्र में रहने बाला अब्दुल कादिर उम्र 42 साल अपने परिवार के साथ 15 जुलाई 2023 को भोपाल स्टेशन पर अपनी ट्रेन का इंतजार कर रहा था। तभी उसे तेजी से पेशाब आने लगी। पेशाब करने के लिए अब्दुल से बस यही गलती हुई कि उसने पेशाब करने के लिए स्टेशन पर बने शौचालय का उपयोग करने की बजाय, वह इंदौर जाने के लिए खड़ी वंदे मातरम ट्रेन में पहुंच गया।

पेशाब करने के बाद जब वह बाहर आने लगा तो ट्रेन के दरवाजे बंद होने पर वह घबरा गया। उसे इस ट्रेन के बारे में कोई जानकारी नहीं थी की ट्रेन के गेट ऑटोमेटिक हैं और वे ट्रेन के चलते ही लॉक हो जाते हैं। ट्रेन के आगे बढ़ते ही अब्दुल कादिर ने टीटी और पुलिस से मदद मांगी, लेकिन टीटी और पुलिसकर्मियों ने अब्दुल कादिर की मदद करने की बजाय उल्टा उसका 1020 रुपये का टिकट हर्जाने सहित काट दिया। अब्दुल कादिर को यहां रुपया देने के बावजूद न चाहते हुए भी उज्जैन आना पड़ा।

**ऐसे लग गई हजारों की चपत...**

ट्रेन में 1020 का जुर्माना भुगतने के बाद अब्दुल कादिर ने उज्जैन पहुंचने के बाद यहां से फिर भोपाल जाने के लिए लगभग 800 रुपये खर्च कर दिए। वहीं, उसका परिवार जिस दक्षिण ऐ सप्रेस से घर लौटने वाला था, उस ट्रेन से भी यह घर नहीं पहुंच पाए, जिससे कादिर को इस ट्रेन के टिकट का भी 4000 का नुकसान हुआ। जो कि सेकेंड एसी की थी। कुल मिलाकर वंदे मातरम ट्रेन में पेशाब करने के लिए चढ़े अब्दुल कादिर को लगभग 6000 की चपत लग गई।

## 'विधायक कप' के लिए प्रत्येक विधानसभा में 1 लाख रूपये की राशि व्यय की जाएगी

इंदौर। मध्यप्रदेश में अभी विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। लेकिन सभी राजनीतिक दलों ने अपनी कमर कस ली है। एक तरफ मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार सभी वर्ग को साधने के लिए कई बड़ी योजनाएं लेकर आ रही है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ जी पीछे हटने का नाम नहीं ले रहे है। वह भी आए दिन लोगों के बीच पहुंच रहे हैं और बड़े-बड़े दावे करते नजर आ रहे हैं। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी जिलों में पहुंच रहे हैं और लोगों के बीच पहुंचकर उनसे मुलाकात भी कर रहे हैं। प्रदेश में भाजपा विकास पर्व चला रही है अभी पिछले दिनों ही इसकी शुरुआत हुई है जिसमें मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सभी जिलों में पहुंच रहे हैं और लोगों से मिल रहे हैं।

सीएम शिवराज सिंह की मंशानुसार खेल गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार और खेलों में जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से युवाओं को सहभागी बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 27 जुलाई से 13 अगस्त 2023 के मध्य 'विधायक कप' खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विधायक कप के अंतर्गत संबंधित विधानसभा क्षेत्र के विधायक की अनुशंसा अनुसार कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, बॉॅ संग, जूडो, हॉकी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल एवं टेबल-टेनिस में से जो भी खेल उस क्षेत्र में प्रचलित हों, उनमें से एक खेल का चयन कर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस पर प्रत्येक विधानसभा में एक लाख रूपये की राशि व्यय की जायेगी।

## डिंडोरी से मजदूरी करने आई महिलाओं पर मधुमर् खयों ने किया हमला, दो मासूम सहित सात ज मी

डिडोरी। डिंडोरी जिले से मजदूरी करने दमोह पहुंची महिलाओं पर गुरुवार सुबह मधुमर्खयों ने हमला कर दिया, जिसमें दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इनके शरीर से कई सारे डंक निकले गए हैं और इलाज के बाद सेहत में सुधार भी हो रहा है।

जानकारी के अनुसार डिंडोरी जिले के गाड़ासरई से कई सारे मजदूर दमोह के सगोनी में खेती, किसानी मजदूरी करने आए हैं। शुक्रवार सुबह करीब पांच महिलाएं दो बच्चों को साथ लेकर मजदूरी कर रहीं थीं, तभी किसी ने धुआं कर दिया, जो कि किसी पेड़ पर लगे मधुमे खी के छाते में लगने लगा। मधुमर्खयों का झुंड छाते से बाहर निकल आया और मजदूरों पर हमला बोल दिया।



महिलाएं अपने बच्चों को लेकर यहां, वहां भागी, लेकिन मधुमखी के डंक सभी के शरीर में चुभ गए थे। जब मधुमे खी वहां से चली गई। तब गड़ाघाट निवासी विमल यादव महिलाओं और दो बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आया। घायलों में नन्नी गोपाल प्रसाद आदिवासी, शैलेंद्र 12 वर्ष, जानकीबाई गौड 40 वर्ष, संगीता पति सुरेंद्र कुमार, राजेशवा 10 माह और रामबाई पति मंगल सिंह उम्र 60 वर्ष सभी निवासी गाड़ासरई जिला डिंडोरी शामिल हैं।

# बदलाव का स मान प्रकृति का नियम : राज्यपाल मंगुभाई पटेल

**राज्यपाल ने चेंपियंस ऑफ़ चेंज मध्यप्रदेश संस्करण के पुरस्कार वितरित किए**

**विभिन्न क्षेत्रों की 16 प्रतिभाएँ हुई स मानित**



भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने चेंपियंस ऑफ़ चेंज मध्यप्रदेश संस्करण के पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने आध्यात्म, समाज-कल्याण, कला, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल के क्षेत्र की 16 उत्कृष्ट प्रतिभाओं को स मानित किया। स मान समारोह कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर के सभागार में हुआ।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि बदलाव प्रकृति का नियम है। बदलाव के प्रेरकों का स मान समाज में सकारात्मकता को बढ़ाता है। भावी पीढ़ी को सामाजिक सरोकारों में सहभागिता के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करता है। मानवीय मूल्यों, संवेदनशील, सहयोगी सेवा भावना का प्रसार करता है। समाज में विकास की नई चुनौतियों के समाधान के लिए नवाचार के प्रयासों को गतिशील करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में त्न-20 की अध्यक्षता में भारत वैश्विक चुनौतियों के समाधान में, अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उनके नेतृत्व में बीते 9 वर्षों में देश महिलाओं के नेतृत्व में विकास के विज़न के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के समाधान के लिए विनाशकारी के बजाय सजग उपयोग के लिए मिशन लाइफ के द्वारा पर्यावरण की रक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए कहा है। उन्होंने पर्यावरण अनुकूल जीवन-शैली को जन-आन्दोलन के रूप में परिवर्तित किए जाने की आवश्यकता बताई।

राज्यपाल ने कहा कि मध्यप्रदेश में स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारी नेताओं की एक महान विरासत है, जिन्होंने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल ने महिला स्वतंत्रता सेनानी रानी लक्ष्मीबाई का स्मरण करते हुए अपेक्षा की कि प्रदेशवासी इस महान विरासत को आगे ले जाने का कार्य जारी रखते हुए दूसरों को समाज, प्रदेश एवं राष्ट्र के लिए कार्य करने को प्रेरित करेंगे।

पूर्व मु य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय न्यायमूर्ति के.जी. बालाकृष्णन ने कहा कि भोपाल आकर उन्हें बहुत अच्छा लगता है। यहाँ की हरियाली ने उन्हें गहरे से प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि समाज में उदारता के प्रसार के लिए हर संभव प्रयास किए जाना चाहिए। उन्होंने स मान समारोह को समाज में अच्छे कार्यों के लिए प्रेरणा का माध्यम बताया है। ज्यूरी के सलाहकार श्री दयाकर रताकोंडा ने पुरस्कार चयन प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विगत 5 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर स मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।

चयन समिति के सलाहकार श्री श्याम जाजू ने कहा कि स मान समारोह जनमानस को व्यक्तिगत, सामाजिक, सांस्कृतिक बदलाव के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि जीवन में होने वाला बदलाव विकास का प्रतीक है। शौचालय विहीन घरों में शौचालय का निर्माण जीवन में बड़ा बदलाव लाता है। जीवन में बदलाव लाने के सभी प्रयास स माननीय होते हैं। पुरस्कार से स मानित पंडित प्रदीप मिश्रा ने अवार्ड विजेताओं की ओर से धन्यवाद उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि अवार्ड व्यक्ति का नहीं जनमानस के कल्याण की कार्य-शैली और प्रयासों का स मान है। उन्होंने अपने स मान का श्रेय सीहोरवासियों और समस्त शिवभक्तों को दिया।

स्वागत उद्बोधन में चेंपियंस ऑफ़ चेंज के संस्थापक श्री नंदन कुमार झा ने बताया कि कार्यक्रम मध्यप्रदेश संस्करण का दूसरा अवार्ड समारोह है। समारोह का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर चार बार किया गया है। मध्यप्रदेश सहित चार राज्यों में राज्य स्तरीय कार्यक्रम किए गए हैं। शीघ्र ही अवार्ड अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी दिए जाएंगे। आभार प्रदर्शन ज्यूरी सलाहकार श्री बनवारीलाल चौकसे ने किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह में अध्यात्म के क्षेत्र में श्री पं प्रदीप मिश्रा, समाज-कल्याण के क्षेत्र में श्री पं ओम प्रकाश मेहता, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, श्री हेमंत तिवारी, श्री उमाशंकर सिंह, श्री विनोद कुमार अग्रवाल, अपर महानिदेशक पुलिस श्री अन्वेष मंगलम, श्री रोहित जैन, श्री मनोज साहू, श्री अभिषेक कुमार पांडे, स्वास्थ्य के क्षेत्र में पद्मश्री डॉ. मुनिश्वर चंद्र डावर, डॉ. अजय राणा, कला के क्षेत्र में सुश्री सौ या टंडन, श्री अनिल सिह चंदेल, शिक्षा के क्षेत्र में श्री जयनारायण चौकसे और खेल के क्षेत्र में श्रीमती भावना टोकेकर को स मानित किया।

## पटवारी भर्ती सहित संयुक्त भर्ती परीक्षा की सभी नियुक्तियां स्थगित आदेश जारी

भोपाल। मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग से बड़ी खबर आ रही है। पटवारी भर्ती परीक्षा में विवाद की स्थिति बनने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने समूह 2 उपसमूह 4 संयुक्त भर्ती परीक्षा के अंतर्गत होने वाली पूरी नियुक्ति प्रक्रिया को आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है।

**पटवारी भर्ती सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश**

दिनांक 19 जुलाई 2023 को रंजना पाटन उप सचिव के हस्ताक्षर से जारी आदेश में समस्त संबंधित विभागों के अपर मु य सचिव अथवा प्रमुख सचिव को संबोधित करते हुए लिखा है कि मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा आयोजित ग्रुप 2 सब ग्रुप 4 एवं पटवारी भर्ती परीक्षा के परिणाम के आधार पर आपके विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्तियां प्रक्रियाधीन है। कृपया उक्त उल्लेखित परीक्षा परिणामों के आधार पर नियुक्तियां सामान्य प्रशासन विभाग से आगामी निर्देश प्राप्त होने के पश्चात ही की जावे।

**पत्रकारों की पूछताछ का असर**

उल्लेखनीय है कि पटवारी भर्ती परीक्षा में विवाद की स्थिति बनने के बाद मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि, NRI COLLAGE GWALIOR सेंटर में हुई परीक्षा की जांच की जाएगी एवं तब तक के लिए नियुक्तियां स्थगित कर दी जा रही हैं। इसके बाद दिनांक 18 जुलाई तक कोई ऑफिशियल आर्डर जारी नहीं हुआ। जब पत्रकारों ने कर्मचारी चयन मंडल और सामान्य प्रशासन विभाग से पूछताछ की तो सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा बुधवार की शाम यह आदेश जारी किया। अब देखना यह है कि इस मामले की जांच के लिए किस प्रकार का आदेश और कब जारी होता है।

# जेईई और नीट की तैयारी के लिए ज्ञानार्जन 2.0, कले टर ने तैयारियों का लिया जायजा, टीचर्स को किया मोटीवेट

**प्रवेश परीक्षा आयोजित, 1 अगस्त से शुरू होंगी कक्षाएँ**

मंडला यशोः- जेईई और नीट परीक्षाओं की तैयारी के लिए ज्ञानार्जन 2.0 का प्रारंभ आगामी 1 अगस्त से किया जा रहा है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और सहायक कले टर अर्थ जैन ज्ञानार्जन 2.0 के नोडल नियुक्त किए गए हैं। 1 अगस्त से प्रारंभ होने वाली जेईई और नीट की कक्षाओं के लिए 20 जुलाई को उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई जिसमें 4 स्कूल- उत्कृष्ट विद्यालय, क्रमांक-2 स्कूल, रानी अवंती बाई और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर के 315 विद्यार्थी शामिल हुए। कले टर ने गुरूवार को सुबह 11 बजे से आयोजित हुई इस प्रवेश परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के लिए आगामी 1 अगस्त से प्रारंभ होने वाली कक्षाओं की तैयारियों का भी विस्तार से जायजा लिया एवं जरूरी व्यवस्थाओं के निर्देश दिए।



**4 विषयों के 32 शिक्षक हुए चिन्हित**

ज्ञानार्जन 2.0 के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के 4 विषयों के 32 शिक्षक चिन्हित किए गए हैं। ये शिक्षक बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फिजि स तथा मेथ्स विषय के हैं। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने उत्कृष्ट विद्यालय में इन सभी शिक्षकों से मुलाकात की। उन्होंने सभी शिक्षकों को मोटीवेट करते हुए कहा कि परिवार एवं आने वाली पीढ़ी को बेहतर करने के लिए शिक्षक सबसे सशक्त माध्यम है। जिला प्रशासन द्वारा नीट एवं जेईई की प्रवेश परीक्षा में जिले के बच्चों के चयन के लिए सभी जरूरी प्रयास किए जाएंगे। सभी शिक्षक अपनी योग्यता का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए विद्यार्थियों के भविष्य को सवारने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। जेईई एवं नीट में चयन के बाद इन बच्चों का जीवन बदलेगा। साथ ही उनके परिवार तथा उनकी आगामी पीढ़ी की स्थिति भी बेहतर हो सकेगी। डॉ. सिडाना ने कहा कि सभी शिक्षक एक समान विजन रखते हुए इस कार्य में अपना सहयोग दें।

**प्रतियोगी परीक्षाओं के काबिल बनाना मु य उद्देश्य**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने चिन्हित शिक्षकों से बात करते हुए कहा कि ज्ञानार्जन 2.0 के अंतर्गत चयनित बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए काबिल बनाएं। शिक्षक स्वयं पहले अच्छी तैयारी करें। जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट स्तर का मटेरियल एवं नोट्स उपलब्ध कराया जाएगा। सभी शिक्षक विगत् वर्षों के जेईई और नीट परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों का गहन अध्ययन करें। उसके अनुसार अपनी रणनीति बनाएं, अध्ययन की पहले स्वयं तैयारी करें, फिर विद्यार्थियों को पढ़ाएं। समय-समय पर टेस्ट भी डिजाईन करें। कले टर ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की समस्या एवं डाउट का समाधान करना हर शिक्षक की प्राथमिकता होना चाहिए। बच्चों को प्रश्न पूछने प्रोत्साहित करें, उनके डाउट आत्मीयता से लीयर करें।

टीचर के साथ मेंटर का रोल निभाएं कले टर ने ज्ञानार्जन 2.0 के लिए चिन्हित शिक्षकों से कहा कि वे सभी विद्यार्थियों से आत्मीय रूप से जुड़ें। उनकी समस्याएं सुनें और समझें। समय-समय पर उनके लिए अभिभावक, कोच, गाईड का रोल निभाएं। प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी शिक्षक टीचर के साथ-साथ मेंटर की भूमिका भी निभाएं। डॉ. सिडाना ने सभी शिक्षकों को कक्षाओं के दौरान टॉपिक तैयार करने, टेस्ट पेपर तैयार करने और बच्चों के डाउटे लीयर करने की विशेष सलाह दी। उन्होंने बताया कि समय-समय पर विषय-विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा कक्षाओं के संचालन के लिए सभी चीजों की संपूर्ण व्यवस्था की जि मेदारी निभाई जाएगी।

**1 अगस्त से प्रातः 7 से 9:30 बजे लगेंगी कक्षाएं**

ज्ञानार्जन 2.0 के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी सहायक कले टर अर्थ जैन ने बताया कि 20 जुलाई 2023 को नीट एवं जेईई की तैयारी के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई जिसमें 11वी जेईई के लिए 50 तथा 12वी जेईई के लिए 64 विद्यार्थी शामिल हुए। इसी प्रकार 12वी नीट के लिए 201 बच्चे प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की आगामी 1 अगस्त से कक्षाएं प्रारंभ होगी जिन्हें 4 विषयों के 32 शिक्षक पढ़ाएगे। सहायक कले टर ने बताया कि जेईई एवं नीट की तैयारी के लिए कक्षाएं प्रातः 7 बजे से 9:30 बजे तक लगेंगी। समय-समय पर विषय-विशेषज्ञों के माध्यम से भी डाउटे लीयरिंग सेशन आयोजित किए जाएंगे।

# बरसात के पहले नपा ने नहीं कराई नाले-नालियों की सफाई

## अब शहर में गली-गली हो रहा बरसाती पानी का जल भराव

मंडला यशोः-जिले में जहां तहां नालीयों की साफ सफाई कई वर्षो तक नहीं की जाती है जिससे नालीयां जाम हो जाती हैं जिससे नाली का पानी नहीं निकल पाता है और चारों तरफ गंदगी व्याप्त रहती है । नगरपालिका न बरसात की किसी प्रकार की तैयारी करता है न ही वार्डो में उनका ध्यान रहता है कई जगह पानी की निकासी व्यवस्था न होने के कारण बरसात का पानी घरों में घुस रहा है । नगरपालिका के अनुसार कई जगह तो नाली की आवश्यकता ही नहीं समझी गई कि पानी की निकासी कहां से होगी जिसका भुगतमान आमजनता भोगती है । कल दिनांक मात्र 1 घंटे की बारीश में तिलक वार्ड थाने के सामने स्थित दुकान सुभाष टायपिंग में पानी पूरी तरह से घुस गया पानी निकासी की सुविधा इस पूरे क्षेत्र में सही तरीके से न होने के कारण रोड और नालीयां पूरी तरह भर जाती हैं और आमजनता परेशान होती है इस क्षेत्र में नगरपालिका द्वारा कई जगह नाली की व्यवस्था है ही नहीं जिससे पूरा पानी रोड में लबालब भर जाता है और कहीं नाली है भी तो उसकी सफाई सालों-सालों नहीं की जाती । मेन रोड के किनारे में नालीयां है ही नहीं इस पर नगरपालिका का कोई ध्यान नहीं रहता है ये हाल केवल एक स्थान का नहीं है मण्डला नगरपालिका क्षेत्रों में अधिक्तर जगह यही समस्या है लेकिन नगर पालिका का ध्यान इस ओर नहीं जाता।

**औसत वर्षा की जानकारी**

मंडला। जिले में इस वर्ष 1 जून से 20 जुलाई 2023 के दौरान 535.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 389.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 145.6 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को मंडला में 20.6 मि.मी., नैनपुर में 0.2 मि.मी., बिछिया में 8 मि.मी., निवास में 6.8 मि.मी., घुघरी में 12.1 मि.मी. तथा नारायणगंज में 14.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 20 जुलाई 2023 को 10.2 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर के माध्यम से आमजानों को ईव्हीएम मशीन एवं मतदान प्रक्रिया से कराया जा रहा अवगत

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में अधिक से अधिक मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने तथा शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने हेतु जिलास्तर एवं जिले की सभी तहसीलों में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों के प्रदर्शन सेन्टर (EVM Demonstration Centre) स्थापित किए गए हैं। जहां प्रशिक्षत मास्टर ट्रेनर द्वारा आमजनों को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों की कार्यप्रणाली एवं मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में कले ट्रेट परिसर स्थित लोक सेवा केन्द्र सिवनी में ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर स्थापित किया गया। जहां प्रत्येक आने वाले लोगों को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 22 को

मंडला यशोः- जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक 22 जुलाई 2023 को जिला योजना भवन में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में 1 जून 2023 डीएचएस का पालन प्रतिवेदन के आधार पर मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत अनमोल पोर्टल रैंकिंग, विकासखंडवार 5 खराब प्रदर्शन वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र में की गई कार्यवाही की जानकारी, मातृ मृत्यु, प्रसव केन्द्रों की क्रियाशीलता एवं रेफरल ऑडिट की समीक्षा की जाएगी। साथ ही शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के शिशु स्वास्थ्य रैंकिंग, एसएनसीयू एवं एनबीएसयू, शिशु मृत्यु, टीकाकरण एवं दस्तक अभियान तथा सिकिल सेल एनीमिया एवं अन्य संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

# नपा ने दुकानों से किए प्लास्टिक जप्त

मंडला यशोः- सचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार नगर पालिका सीमा क्षेत्रांतर्गत सिंगल यूज प्लां स्टिक और पॉलीथीन के प्रतिबंध हेतु अधिसूचना का प्रकाशन करने के साथ ही ÷नो सिंगल यूज नो पॉलीथीन अभियान÷ चलाने के निर्देश कले ट र महोदया मंडला द्वारा दिये गये है । निर्देश के परिपालन में बुधवार को सुपर मार्केट, हागगंज बाजार,फल विक्रेताओं एवं किराना दुकानों में जाकर व्यापारियों को नो सिंगल यूज पॉलीथीन, थर्माकोल का उपयोग एवं भंडारण न करने की समझाईश दी गई। साथ ही व्यसपारियों के प्रतीकात्मूक चालान की कार्यवाही की गई। जिसमें 1900 रूपये का चालान काटा गया।



चालानी कार्यवाही माह जुलाई में निरंतर किया जाना है। विनोद कछवाहा अध्य.क्ष न.पा.परि.मण्डाला एवं अखिलेश कछवाहा उपाध्ययक्ष न.पा.परि.मण्ड,ला, श्रीमति प्रीति राय स्वायस्थ्य सभापति न.पा.परि. मंडला के द्वारा नगर वासियों एवं व्यापारियों से अपील की गई है की सिंगल यूज पॉलीथीन का उपयोग एवं भंडारण न करे । साथ ही बाजार आते समय कपड़े के थैले का उपयोग करे। चालानी कार्यवाही एस.सी.चौधरी प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक, कृष्णशरण पटैल वार्ड सुपरवाईजर के द्वारा की गई।

# हाई स्कूल चारगांव प्रहलाद को मिला क पूटर मॉनिटर, अब कंप्यूटर सीख सकेंगे बच्चे

छिन्दवाड़ा — गाँव की तरक्की में सबसे पहला योगदान गाँव के लोगो का ही होता है, यदि ग्रामीण अपने गाँव की प्रगति के बारे में सोचकर अपना योगदान करना शुरू कर दे तो वो दिन दूर नहीं जब गाँव सर्व सुविधायुक्त हो जाएगा द्य यह सेवाभाव, सहयोग, सामुदायिक पहल, ग्राम विकास में ग्रामीणों की सहभागिता के बारे में स्कूल से सीखने के लिए मिले तो बच्चों में ये संस्कार जीवन को उत्कृष्ट बनाने के लिए सहायक होते है द्य शासकीय हाई स्कूल चारगांव प्रहलाद के विद्यार्थीयों को पिछले तीन वर्षो से राष्ट्रीय मेरिट कम मींस परीक्षा पास करने में अपनी उपलब्धि हासिल किये है द्य छात्र सुरेन्द्र धुर्वे पिता रामेश्वर धुर्वे एवं छात्रा कु स्नेहा पटेल पिता विनोद पटेल के पलकों ने शास हाई स्कूल चारगांव प्रहलाद को कंप्यूटर मॉनीटर प्रदान किया है द्य उक्त छात्र विगत वर्ष राष्ट्रीय मेरिट कम मींस परीक्षा संस्था से उत्तीर्ण किया सुरेन्द्र को विगत तीन वर्षो में प्रति वर्ष 12000 रुपए के मान से इस वर्ष तक 36000 रुपए एवम कु स्नेहा पटेल को इस वर्ष पहली बार 12000 रुपए प्राप्त हो चुके है द्य



शाला के कुछ देने की प्रेरणा इन्हे शाला के भूतपूर्व विथार्थियो से मिली जिन्होंने पिछले वर्ष प्राइमरी कक्षा हेतु 15 फर्नीचर दिया था द्य छात्र-छात्राओं के पालक रामेश्वर धुर्वे एवं विनोद पटेल ने अपने बच्चो के द्वारा राष्ट्रीय मेरिट कम मींस परीक्षा पास करने एवं शाला के शिक्षक शिक्षकाए द्वारा विद्यार्थियो को शाला समय के अतिरिक्त मार्गदर्शन प्रदान करने एवं विद्यार्थियो को अच्छी तथा नवीन शिक्षा प्राप्त हो सके द्य इस हेतु संस्था को एक कंप्यूटर मॉनीटर प्रदान किया द्य सभी विद्यार्थियों एवं पालकों की तरफ से संस्था प्राचार्य आर एस बघेल ने पालकों का आभार व्यक्त किया द्य ग्राम के नागरिक वितेंद्र ठाकुर, चेनसिंग पटेल, कुबेर पटेल, सुनील बन्देवार, श्याम कुमार कोलारे, कमलेश विश्वकर्मा आदि ने इस नेक कार्य के लिए अभिभावक रामेश्वर धुर्वे एवं विनोद पटेल की प्रसंशा की एवं प्रत्येक पालकों और ग्राम के नागरिकों से शाला के लिए सहयोग हेतु अपेक्षा किया द्य प्राचार्य आर एस बघेल, शिक्षिका संगीता नागोत्रा, नंदिता धुर्वे, नमिता अहिरवार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया द्य प्रधान अध्यापक आर के चौरसिया ने बताया कि यह कार्य प्रेरणा हेतु मील का पत्थर साबित होगा और अन्य लोग भी सहयोग हेतु आगे आएंगे द्य

# मास सर्वेलेंस कार्य व के प में कुल 272 लोगों की मलेरिया जांच

मंडला यशोः- राष्ट्रीय वे टर जनित रोग नियंत्रण कार्यकम अंतर्गत प्रत्येक मलेरिया संभावित रोगियों, रोगियों की खोज, जांच एवं जांच उपरांत पॉजिटिव पाये गये रोगी को पूर्ण उपचार सुनिश्चित कराकर मलेरिया के संक्रमण को समाप्त करने तथा मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जिले के मलेरिया प्रभावित चयनित विकासखण्ड मण्डला के उप स्वास्थ्य केन्द्र बाजा के समस्त ग्राम, विकासखण्ड नैनपुर के उपस्वास्थ्य केन्द्र भड़िया के समस्त ग्राम, विकासखण्ड मोहगांव के उप स्वास्थ्य केन्द्र बड़झर एवं मचला के समस्त ग्राम, विकासखण्ड बिछिया के उप स्वाथ्य केन्द्र खटोला, औरई, खटिया, चरगांव, बटवार, कन्हारीकला, सूरपाठी के समस्त ग्राम एवं विकासखण्ड मवई के उप स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर के समस्त ग्रामों में 15 जुलाई 2023 से 31 जुलाई 2023 तक मलेरिया मास सर्वेलेंस कार्य/के प आयोजित किया किया जा रहा है।

18 जुलाई 2023 तक मास सर्वेलेंस कार्य/के प में कुल 272 लोगों की मलेरिया जांच की गई, जिसमें मलेरिया रोगी की सं या निरंक पाई गई। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। बुखार आने पर तुरंत खून की जांच कराऐं और अगर जांच में मलेरिया पॉजिटिव निकलता है तो चिकित्सक, आशा, हेल्थ वर्कर द्वारा दिये गए पूर्ण उपचार लें। ग्रामवासियों से अपील की गई है कि मास सर्वेलेंस कार्य/के प में खून की जांच करावें एवं मलेरिया नियंत्रण/उन्मूलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

## लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लेखा प्रशिक्षण हेतु आवेदन की आज अंतिम तिथि

मंडला यशोः- शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 1 अगस्त 2023 से प्रारंभ हो रहा है। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हों, वे आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र 21 जुलाई 2023 की शाम 5 बजे तक कार्यालय प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में जमा किये जा सकेंगे। उक्त प्रशिक्षण शासकीय कर्मचारियों के लिये निःशुल्क है एवं अर्धशासकीय, निगम, मंडल एवं निकाय के कर्मचारियों को म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2 हजार रूपए का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

# बीएलओ प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त

मंडला यशोः- बीएलओ के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के संबंध में विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण के लिए अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार बिछिया विकासखंड के लिए एसके श्रीवास्तव सहा.प्राध्या., एसपी धूमकेती सहा.प्राध्या. एवं ओपी झारिया पुस्तकालय अध्यक्ष, घुघरी वि.खं. के लिए डीके रोहितास ग्रंथपाल, प्रवीण वर्मा मा.शि. एवं संजय सिंगौर मा.शि. एवं मवई विकासखंड के लिए अनिल गुप्ता प्राध्या., दिनेश चित्रीव सहा.प्राध्या. एवं रोहणी कोष्ठा सहा.प्राध्या. को आदेशित किया गया है। नारायणगंज विकासखंड के लिए डीके रोहितास ग्रंथपाल, नवीन तेकाम सहा.प्राध्यापक एवं भावसिंह दावर सहा. प्राध्यापक, बीजाडांडी विकासखंड के लिए अनिल गुप्ता प्राध्यापक, गुलबहार खान क्रीडा अधिकारी एवं विजेन्द्र चौरसिया प्राध्यापक तथा निवास विकासखंड के लिए एसके श्रीवास्तव सहा. प्राध्यापक, संजय पाठक क्रीडा अधिकारी एवं केएल धुर्वे सहा.प्राध्या. को आदेशित किया गया है। इसी प्रकार मंडला विकासखंड के लिए एसके श्रीवास्तव सहा.प्राध्या., एसएस ज्योतिषी सहा.प्राध्या. एवं आरएस धुर्वे सहा.प्राध्या., नैनपुर विकासखंड के डीके रोहितास ग्रंथपाल, अर्जनसिंह बघेल सहा.प्राध्या. एवं डॉ. राजेश मासटकर सहा.प्राध्या. तथा मोहगांव विकासखंड के लिए अनिल गुप्ता अध्यापक, विजेन्द्र चौरसिया प्राध्यापक एवं एसपी धूमकेती सहा.प्राध्या. को आदेशित किया गया है।

# कले टर ने किया 21 गोंड़ कलाकारों की चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने रजा कलावीथिका में आयोजित 21 गोंड़ कलाकारों की चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। कले टर ने चित्र प्रदर्शनी, चित्रकला कार्यशाला तथा कत्थक नृत्य कार्यशाला का अवलोकन किया। उन्होंने प्रतिभागियों से चर्चा करते हुए जिले की कला और संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने का आव्हान किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेश कछवाहा, रजा फाउंडेशन के सचिव संजीव चौबे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

चित्रकारों से चर्चा करते हुए कले टर ने उनके प्रशिक्षण, लागत राशि, मार्केटिंग तथा लाभ आदि के संबंध में जानकारी ली। प्रसिद्ध चित्रकार सैयद हैदर रजा की स्मृति पर आयोजित इस चित्र प्रदर्शनी में चंपाबाई श्याम, लोकेश्वरी उर्वेती, गीता कुशराम, अनीता कुशराम, जयंती कुशराम, सुषमा श्याम, जयंती उइके, मंदाकिनी, निशा श्याम, दुर्गेश्वरी श्याम, रामकुमार श्याम, राहुल श्याम, सुनील श्याम, चित्रकांत श्याम, मनोज तेकाम, अनुज तेकाम, रोशनी श्याम, निलेश कुशराम, फूलचंद धुर्वे, मिथलेश श्याम व छत्रवति कुशराम के चित्र प्रदर्शित किए गए हैं।



**रजा की पेंटिंग से सीखने की जरूरत**

चित्रकला एवं कत्थक नृत्य कार्यशाला के प्रतिभागियों से चर्चा करते हुए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि सैयद हैदर रजा की प्रत्येक पेंटिंग्स में एक संदेश रहता है। वर्तमान पीढ़ी को उनकी पेंटिंग्स से सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रतिभागियों का आव्हान किया कि वे जिले की कला और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में सहभागी बनें। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि वे अपने लक्ष्य पर फोकस करें। कले टर ने छात्र-छात्राओं को एमपी टूरिज्म द्वारा आयोजित होने वाले क्विज प्रतियोगिता के संबंध में भी जानकारी दी।

**23 जुलाई तक होंगे विविध आयोजन**

रज़ा स्मृति के अंतर्गत 20 से 23 जुलाई तक रज़ा कला वीथिका में सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चित्रकला कार्यशाला, माटी पर रंग और छातों पर रंग का आयोजन किया गया है। 20 जुलाई 2023 की शाम 6 बजे रज़ा कला वीथिका में कथक नृत्यांगना रानू चंद्रौल के द्वारा कथक की प्रस्तुति दी जाएगी। 22 जुलाई की शाम 6 बजे झंकार भवन में अनवेषा महंत द्वारा सत्रिय नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

# सावन के तीसरे सोमवार को बनेगा 'शिव' योग

उज्जैन। इस बार सावन का अधिक मास होने से ये महीना 59 दिन का रहेगा। सावन का अधिक मास 18 जुलाई से शुरू हो चुका है, जो 16 अगस्त तक रहेगा। सावन का तीसरा सोमवार 24 जुलाई को रहेगा, जो अधिक मास के अंतर्गत आएगा। इस दिन कई शुभ योग बन रहे हैं, जिसके चलते इस दिन की गई शिव पूजा का फल कई गुना होकर मिलेगा। आगे जानिए इस दिन कौन-कौन से शुभ योग बनेंगे



**ये शुभ योग बनेंगे तीसरे सोमवार को**

24 जुलाई, सोमवार को सावन के अधिक मास के शु ल पक्ष की षष्ठी तिथि रहेगी। षष्ठी तिथि के स्वामी भगवान कार्तिकेय हैं, जो महादेव के पुत्र और देवताओं के सेनापति हैं। इस दिन शिव नाम का शुभ योग दोपहर 02:51 तक रहेगा। इसके बाद सिद्धि नाम का शुभ योग रात अंत तक रहेगा। इस दिन सुबह कुछ देर के लिए अमृतसिद्धि और सर्वार्थसिद्धि नाम के 2 अन्य शुभ योग भी रहेंगे।

**ये करें उपाय**

सावन के तीसरे सोमवार को शुभ योग में पारद शिवलिंग घर में लेकर आएं। इसका आकार अंगूठे के बराबर होना चाहिए। इसका पहले गंगाजल से अभिषेक करें और विधि-विधान से पूजा करने के बाद घर के पूजा घर में स्थापित करें। रोज इस शिवलिंग की के सामने शुद्ध घी का दीपक लगाएं और पूजा करें। संभव हो तो ऊं नमः शिवाय मंत्र का जाप भी करें।

पारद का शिवलिंग बहुत ही दुर्लभ माना गया है। सावन मास में यदि पूजा की जाए तो हर मनोकामना पूरी हो सकती है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. प्रवीण द्विवेदी के अनुसार, जिस घर में रोज पारद शिवलिंग की पूजा की जाती है, वहां वास्तु दोष, ग्रह दोष, पितृ दोष, कालसर्प दोष आदि सभी दोषों का निवारण अपने आप ही हो जाता है। पारद शिवलिंग की पूजा बहुत ही अधिक शुभ फलदाई मानी गई है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297